## मांगों को लेकर तपती गर्मी एवं लू में डटे रहे प्रदर्शनकारी , जताया रोष

# ग्रामीण सफाईकर्मियों की हड़ताल 25 तक बढ़ी, आज फूंकेंगे पुतला

**हड़ताल के दौरान 24-25 मई को मंत्री कृष्ण बेदी के आवास पर होने वाले दो दिवसीय महापड़ाव की योजना भी बनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। हड़ताल के दौरान विरोध जताते ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन संबंधित सीटू के आह्वान पर जारी हड़ताल को 25 मई तक बढ़ा दिया हैं। यूनियन ने 21-22 मई को सरकार का पुतला दहन करने का निर्णय लिया। यह निर्णय ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन संबंधित सीटू की राज्य कमेटी की ऑनलाइन मीटिंग में लिया। उन्होंने पक्का कर्मचारी, 26000 रूपये वेतन, एक्सग्रेसिया व 400 की आबादी पर स्थायी कर्मचारी की भर्ती करने की मांग उठाई। धरने की अध्यक्षता रमेश मुढ़ाल व संचालन गोबिन्द ने किया। रोष सभा व हड़ताल को संबोधित करते हुए सीटू व यूनियन नेताओं ने बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा हैं।

प्रदेशभर में ब्लॉक वाइज धरनों में हाजरियां लगातार बढ़ रही हैं। प्रदेशभर के ग्रामीण सफाई कर्मचारी भाजपा सरकार की वादा खिलाफी व अनुसूचित विरोधी नीतियों से तंग आ चुके हैं। भाजपा सरकार दलित हितैषी का झूठा दावा करती हैं। मुख्यमंत्री होड़ल में एक सफाई कर्मचारी से मिलने व उसका हालचाल जानने का ढोंग तो करते हैं, मगर प्रदेश के 10500 ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए उनके पास समय नही हैं। यूनियन नेताओं ने कहा कल रात ऑनलाइन राज्य कमेटी बैठक में 24-25 मई को मंत्री कृष्ण बेदी के आवास पर होने वाले दो दिवसीय महापड़ाव की योजना भी बनी व महापड़ाव को सफल बनाने के लिए प्रदेश के तमाम ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को आह्वान किया।

**अपने विचार रखे**

रोष प्रदर्शन व सभा को सीटू नेता कामरेड अनिल कुमार, युवा कल्याण संगठन नेता कमल सिंह प्रधान, विनोद सांगा, यूनियन नेता रमेश, गोविंद, प्रदीप, मंजीत, सुभाष, राजेंद्र, रामधधरी, बीरसिंह आदि नेताओं ने अपने विचार रखे।

# शरीर को झुलसाने वाली गर्मी में भी सफाई कर्मचारी हड़ताल पर डटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू


लोहारू। धरने पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मचारी नारेबाजी करते हुए।

बुधवार को शहर का पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके बावजूद बीडीपीओ कार्यालय परिसर में अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का हौंसला कमजोर नहीं हुआ तथा वे भीषण गर्मी में भी हड़ताल पर डटे रहे। धरनारत कर्मचारियों ने हड़ताल जारी रखने तथा 21 मई को सरकार का पुतला फूंकने का निर्णय लिया।

बता दें कि लोहारू में 15 मई से ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे और 20 मई तक धरने पर रहने की घोषणा कर रखी है। बुधवार को आगामी रणनीति तय की जाएगी। मंगलवार को धरनास्थल पर ही ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने जिला प्रधान राजबीर सिंघानी की अध्यक्षता में आगामी तीन वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया तथा पर्यवेक्षक के तौर पर डॉ. सुरेश भारद्वाज खंड प्रधान सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व अनिल धींधवाल सचिव हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ मौजूद रहे। नई कार्यकारिणी में हरपाल बड़दु मुगल को प्रधान, अनिल बरालु को सचिव, परमेन्द्र को कोषाध्यक्ष, प्रेमा देवी उपप्रधान चुना गया।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने धरने को किसान कांग्रेस ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी


चरखी दादरी। धरने को संबोधित करते कांग्रेस नेता राजू मान। फोटो : हरिभूमि

रोम जल रहा था और नीरो बंसी बजा रहा था इस कहावत को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चरितार्थ कर दिखाया है। यह बात अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कन्वीनर राजू मान ने बाढ़डा बीडीओ कार्यालय के आगे ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि प्रदेश भर के ग्रामीण सफाई कर्मचारी छह दिन से हड़ताल पर हैं और निरंतर धरना दे अपनी जायज मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी है और मुख्यमंत्री दौरों पर व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उनकी इस मुहिम में डटकर साथ देगी।

राजू मान ने कहा कि हरियाणा सरकार ने 31 दिसंबर के उच्च न्यायालय का आदेश लागू नहीं किया और एक भी कच्चे ग्रामीण सफाई कर्मचारी को पक्का नहीं किया और , ना ही पिछले 12 साल में एक भी सफाई कर्मचारी की पक्की भर्ती नहीं की। हालात इतने पेचीदा हैं कि ग्रामीण सफाई कर्मियों के लिए 26 हजार वेतन की घोषणा करके आज तक लागू नहीं किया, दो साल पहले 1000 की आबादी पर एक कर्मचारी भर्ती करने वाली फाइल मुख्यमंत्री की टेबल पर धूल चाट रही है और पिछले दो साल से कोई वेतन बढौतरी नहीं हुई, जबकि महंगाई लगातार बढ़ती चली जा रही है।

ब्लॉक प्रधान प्रधान संजय कुमार जीतपुरा ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर चल रहे प्रदेशव्यापी धरने को 25 मई तक बढ़ा दिया है इस दौरान 21-22 मई को प्रत्येक ब्लॉक और जिलों में सरकार की शव यात्रा निकालेंगे और 24-25 मई को नरवाना में महापड़ाव करेंगें।

# दादरी में पेयजल संकट के बीच डॉ. मनीषा सांगवान बनीं जनता की आवाज

■ पानी के टैंकरों के माध्यम से घर-घर पहुंचाया पीने का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



भीषण गर्मी के चलते दादरी शहर इन दिनों भारी पेयजल संकट से जूझ रहा है। शहर के कई वार्डों और कॉलोनियों में लोगों को पीने योग्य पानी तक नसीब नहीं हो रहा। हर वर्ष गर्मियों के मौसम में यही स्थिति उत्पन्न हो जाती है, लेकिन तमाम संसाधन और बड़े-बड़े दावों के बावजूद भी प्रशासन आमजन को मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने में असफल साबित हो रहा है। ऐसे कठिन समय में कांग्रेस नेत्री डॉ. मनीषा सांगवान जनता के लिए राहत बनकर सामने आई हैं।

डॉ. मनीषा सांगवान ने लोगों की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए अपने स्तर पर पेयजल की व्यवस्था शुरू करवाई। उन्होंने टैंकरों के माध्यम से घर-घर स्वच्छ एवं पीने योग्य पानी पहुंचाने का कार्य प्रारंभ किया। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 6 ,7 व 15 तथा गांधी नगर क्षेत्र में पानी के टैंकर भेजकर लोगों को राहत पहुंचाई गई। लोगों ने डॉ. मनीषा सांगवान के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि जब प्रशासन उनकी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रहा, तब डॉ. मनीषा सांगवान स्वयं आगे बढ़कर जनता के दुख-दर्द में साथ खड़ी दिखाई दे रही हैं।

डॉ. मनीषा सांगवान ने कहा कि भीषण गर्मी में पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता का अभाव बेहद चिंताजनक विषय है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं पानी की भारी किल्लत के कारण सबसे अधिक परेशान हैं। कई क्षेत्रों में घंटों नहीं बल्कि कई-कई दिनों तक पानी की सप्लाई प्रभावित रहती है, जिससे लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है।

उन्होंने प्रशासन और संबंधित विभागों पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर हर साल गर्मी आते ही दादरी शहर को पानी की समस्या से क्यों जूझना पड़ता है। करोड़ों रुपये की योजनाओं और संसाधनों के बावजूद भी यदि जनता को पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा तो यह व्यवस्था की बड़ी विफलता है। उन्होंने कहा कि जनता टैक्स और बिल समय पर भरती है, इसलिए उन्हें मूलभूत सुविधाएं देना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## पेयजल, सीवरेज व बिजली की शिकायत के जारी किए नंबर

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व बिजली निगम द्वारा शहरवासियों की पेयजल, सीवरेज व बिजली से संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु मोबाइल नंबर जारी किए हैं। नागरिक इन नंबरों पर संपर्क कर अपनी पेयजल, सीवरेज व बिजली से संबंधी शिकायत कर सकते हैं। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की शिकायत सुने और उनका समाधान करें। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता सुनील रंगा ने बताया कि नागरिक पेयजल शिकायत के लिए 9050442838 व सीवरेज शिकायत के लिए 8396098777 मोबाइल नंबर पर संपर्क करें। पानी के टैंकर की आवश्यकता होने पर नागरिक अपनी मांग पीएचइडी पोर्टल पर दर्ज करवाएं। शिकायत दर्ज करवाते समय अपना क्षेत्र/वार्ड नंबर अवश्य बताएं, ताकि शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। दक्षिण हरियाणा बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद पूनिया ने बताया कि नागरिक बिजली निगम द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 1912 तथा 1800-180-4334 पर उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## सुभिता ढाका ने प्रदेश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने का दिया संदेश



**भिवानी।** धानक जनकल्याण मंच हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने पंचकूला कार्यालय में सहकारिता विभाग की रजिस्ट्रार सुभिता ढाका से मिलकर सरकारी समितियां को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की इस अवसर पर संदीप खरकिया ने कहां की सहकारिता विभाग की रजिस्ट्रार सुभिता ढाका से मुलाकात कर कहा कि उनकी नियुक्ति से सहकारिता विभाग में आम जन को भी लाभ मिलेगा और उनके अनुभव का फायदा भी प्रदेश की जनता को मिलेगा क्योंकि उनका किसान वर्ग के लिए भी काफी अनुभव है संदीप खरकिया ने कहा कि प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को जमीनी स्तर तक मजबूत करके किसानों, महिलाओं और युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कहा कि सभी प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों, हैफेड, शुगर मिलों और दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों में पारदर्शिता और सुनिश्चित की जा रही है।

## एसोसिएशन ने भरी हुंकार, मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी

■ सेवानिवृत्त कर्मचारियों की जायज और हकों से जुड़ी मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है सरकार : प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र धनखड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



ऑल रिटायर्ड कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशव्यापी जन जागरण अभियान के तहत बुधवार को भिवानी में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिला प्रधान रण सिंह श्योराण ने बताया कि स्थानीय बस स्टैंड स्थित विश्राम गृह में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता शक्ति सिंह सिवाच ने की, जबकि मंच का संचालन प्रदेश के वरिष्ठ नेता ईश्वर शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में भारी संख्या में पहुंचे सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने वर्तमान सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया। बैठक के मुख्य वक्ता एवं एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धनखड़ ने सरकार पर तीखे हमले किए।

## विद्यालय के मुख्य द्वार पर कांग्रेस घास का साया, गहरे गड्ढों से हादसे की आशंका



**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा स्थित डॉ. बीआर अंबडेकर राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला के मुख्य द्वार के आसपास फैली कांग्रेस घास और गेट के दोनों ओर बने गहरे गड्ढे विद्यार्थियों व अभिभावकों के लिए चिंता का कारण बने हुए हैं। विद्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राओं का आवागमन रहता है, लेकिन मुख्य प्रवेश द्वार पर सफाई व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी देखने को मिल रही है। विद्यालय के मुख्य गेट के दोनों तरफ गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिनमें बरसात या पानी भरने की स्थिति में बच्चों के फिसलकर गिरने का खतरा बना रहता है। सुबह और छुट्टी के समय बड़ी संख्या में विद्यार्थी एक साथ विद्यालय में प्रवेश करते हैं, ऐसे में किसी भी समय हादसा होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके अलावा मुख्य द्वार के आसपास बड़ी मात्रा में उगी कांग्रेस घास भी परेशानी का कारण बन रही है।

**देश में संवैधानिक अधिकारों एवं अल्पसंख्यकों पर बढ़ते हमलों के खिलाफ उठाई आवाज**

## मांगों को लेकर भारत मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न और संवैधानिक अधिकारों पर हो रहे आघात के खिलाफ भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा ने राष्ट्रव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। संगठन ने बुधवार को भिवानी में प्रदर्शन कर जिला अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को एक 11 सूत्रीय मांगपत्र भेजा। इस मांगपत्र में मुख्य रूप से मुसलमानों की मॉब लिंचिंग, फर्जी गौकशी के नाम पर प्रताड़ना, धार्मिक स्थलों पर हमले और चलती ट्रेन में बिहार के मुफ्ती तौसीफ रजा की हत्या जैसे गंभीर मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। पूरे मामले और राष्ट्रव्यापी चिंता को रेखांकित करते हुए मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश दहिया ने कहा कि देश का वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य बेहद चिंताजनक है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए संविधान के मूल सिद्धांतों, सामाजिक सौहार्द और नागरिक समानता पर सीधे आघात किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुस्लिम और ईसाई समाज के भीतर असुरक्षा की भावना पैदा की जा रही है।

## भिवानी के चार सरकारी स्कूलों में मेधावी सम्मानित

■ शिक्षा ही समाज में समानता और सम्मान का सबसे बड़ा जरिया : सचिन जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे।

शिक्षा केवल अक्षरों का ज्ञान नहीं, बल्कि समाज के नवनिर्माण की सबसे मजबूत नींव है। इसी उद्देश्य को चरितार्थ करते हुए भिवानी जिले के चार प्रमुख सरकारी विद्यालयों में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के सम्मान में एक प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया। यह गरिमामयी कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पालुवास, राजकीय प्राथमिक पाठशाला पालुवास, राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला पालुवास और राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला हरिपुर में बेहद हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।सभी विद्यालयों में समारोह की शुरुआत भारतीय संस्कृति के अनुरूप मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुई। इसके बाद, शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पदक देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि हरियाणा एससी आयोग के उपाध्यक्ष विजेंद्र बडग़ुजर ने अपने संबोधन से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह परम शक्ति है जो समाज में समानता और सम्मान दिलाती है। मेरे खुद के जीवन में शिक्षा ही वह सीढ़ी रही है, जिसने मुझे आज समाज सेवा के इस प्रतिष्ठित मुकाम तक पहुंचाया है। समारोह के विशिष्ट अतिथि और वर्धमान ज्वैलर्स के प्रबंध निदेशक व हमारा अपना फाउंडेशन के संस्थापक सचिन जैन ने विद्यार्थियों को जीवन में बड़े लक्ष्य तय करने सीख दी।

**कार्यक्रम** मिसरी के राजकीय वमा विद्यालय में खंड स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**खंड शिक्षा अधिकारी ने किया शुभारंभ**

# खंड स्तरीय फॉक डांस में सांवड़ मॉडल संस्कृति व रोल प्ले प्रतियोगिता में अचीना स्कूल प्रथम

■ निर्णायक मंडल में प्राचार्य पूनम दहिया छात्रों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी


चरखी दादरी। अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जिले के गांव मिसरी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय राष्ट्रीय फॉक डांस एवं रोल प्ले प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें खंड के राजकीय स्कूलों से आठवीं और नौवीं कक्षा के विद्यार्थियो ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी चित्रलेखा के अभिभाषण से प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताएं प्रत्येक वर्ष एससीईआरटी गुरुग्राम के मार्गदर्शन में करवाई जाती हैं, जिसमें सामाजिक कुरीतियां एवं किशोरावस्था में होने वाली समस्याओं के जागरूकता आधारित थीम पर डांस व रोल प्ले प्रतियोगिता होते हैं।

खंड स्तरीय फॉक डांस प्रतियोगिता मे राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांवड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रोल प्ले प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अचीना ने पहला स्थान प्राप्त किया। खंड शिक्षा अधिकारी बौंदकलां व स्कूल प्राचार्या ओमसिंह ने विजेता टीमों को बधाई दी और उन्हें प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल में प्राचार्य पूनम दहिया, पुष्पा रानी, कविता यादव, डॉ. अनीता भारद्वाज, मंजू शर्मा, अशोक नांदल ने शामिल होकर प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। वहीं खंड स्तरीय राष्ट्रीय फॉक डांस एवं रोल प्ले प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीमे जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी करेंगी। कार्यक्रम के सुचारू संचालन में बीआरपी मनोज कुमार, जितेंद्र यादव, पीजीटी, कृष्णा धवन, गीता, शर्मिष्ठा व मीनू आदि का सराहनीय सहयोग रहा। बीईओ ने सभी विजेता टीमों व प्रतिभागियों को बेहतर के लिए प्रयासरत रहने की आह्वान किया।

# शैक्षणिक दस्तावेज पूरे न होने पर सुरपुरा के सरपंच को पदमुक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

पिछले पंचायत चुनाव में निर्वाचित हुए सुरपुरा कलां गांव के सरपंच राजेश कुमार को जिला उपायुक्त भिवानी ने उनकी शैक्षणिक दस्तावेजों की वांछित योग्यता न रखने के कारण पदमुक्त कर दिया है। इससे पहले सरपंच की योग्यता को लेकर जो प्रमाण पत्र चुनाव नामांकन के समय दिए थे वे जांच में सही नहीं मिले। उपायुक्त ने आदेश दिए है कि ग्राम पंचायत की चल अचल संपति बहुमत वाले पंच को दी जाए। पंचायती राज संस्थाओं के वर्ष 2022 के आम चुनावों में बहल खंड के सुरपुरा गांव के सरपंच पद के लिए राजेश कुमार निर्वाचित हुए थे। उन्होंने अपनी निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के लिए उन्होंने नामांकन के समय मुक्त विद्यालय संस्थान, उत्तरप्रदेश, नोएडा द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। पर, चुनावों के बाद सुरपुरा कलां गांव के ही सुरेश कुमार ने उनकी शैक्षणिक योग्यता की वैद्यता पर सवाल उठाते हुए अदालत का दरवाजा खटखटाया और सरपंच द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेजों की जांच की अपील की। अदालत के आदेश पर उपायुक्त भिवानी ने दोनों पक्षों की सुनवाई की और सरपंच द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्र की वैद्यता और संस्थान की मान्यता के लिए सचिव, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली, सचिव राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, नोएडा सहित अन्य बोर्डो को प्रमाणिकता के लिए भेजा। जिसमें हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी ने सरपंच द्वारा दिए गए प्रमाण पत्र को हरियाणा बोर्ड की दसवीं और बाहरवीं की किसी भी कक्षा के समकक्ष नहीं माना जबकि सीबीएसई बोर्ड द्वारा कहा गया कि मुक्त विद्यालय संस्थान, यूपी, नोएडा सीबीएसई बोर्ड से संबंध नहीं है। वहीं, सचिव उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने भी मुक्त विद्यालय संस्थान की किसी प्रकार की संबंधता से इंकार कर दिया।

बोर्डो से मिली रिपोर्ट के अनुसार, उपायुक्त भिवानी ने हरियाणा पंचायत राज अधिनियम 1994 की धारा 175 (वी) के तहत वांछित योग्यता न रखने पर अधिनियम की धारा 51(3)(ख) के तहत सरपंच को नोटिस जारी किया गया। उपायुक्त भिवानी द्वारा 5 मई 2026 को व्यक्तिगत तौर पर दोनों पक्षों सुना गया। उपायुक्त द्वारा जारी पत्र के अनुसार, नोटिस के जवाब में सरपंच द्वारा अपनी वैद्यता को लेकर अपने बचाव में लिखित या मौखिक कोई सबूत पेश नहीं कर सका।

## खबर संक्षेप

### महंगाई ने तोड़ी आमजन की कमरः करण सिंह

**लोहारू।** कांग्रेस के जिला ग्रामीण उपप्रधान करण सिंह गोठड़ा ने बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की दिशाहीन नीतियों के कारण महंगाई ने आम आदमी की कमर तोडक़र रख दी है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं का उपभोग करना भी लोगों के लिए मुश्किल हो गया है। गोठड़ा ने कहा कि पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल, दालें और सब्जियों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार जनता को राहत देने में असफल साबित हो रही है।

### 24 को मानव कल्याण अस्पताल में लगेगा कैंप

**बहल।** क्षेत्र की समाजसेवी संस्था जीटी हॉप फाउंडेशन द्वारा प्रसिद्ध समाजसेवी एवं गोसेवक स्व. ताराचंद अग्रवाल दुल्हेड़ी वाले की 11 वीं पुण्य स्मृति में 24 मई को मानव कल्याण अस्पताल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आधार अस्पताल हिसार के चिकित्सकों द्वारा रोगियों की जांच कर उचित परामर्श दिया जाएगा। फाउंडेशन पदाधिकारी सीए दीपांशु अग्रवाल ने बताया कि शिविर का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल द्वारा किया जाएगा।

### लंबित संपत्तिकर पर 100 प्रतिशत ब्याज की छूट

**भिवानी।** जिला नगर आयुक्त हरबीर सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पालिका क्षेत्रों में लंबित संपत्तिकर पर 30 जून 2026 तक 100 प्रतिशत ब्याज छूट दी गई है। उन्होंने शहरवासियों से हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही संपत्तिकर ब्याज माफी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। हरबीर सिंह ने ये जानकारी देते हुए बताया कि जिन संपत्ति मालिकों का संपत्तिकर बकाया है, वे एकमुश्त राशि जमा कर तथा अपनी संपत्ति आईडी को स्वयं सत्यापित कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना आमजन को आर्थिक राहत देने के साथ-साथ नगर परिषद के रिकॉर्ड को भी अपडेट करने में सहायक साबित होगी।

### ऑनलाइन सट्टा लगाने में तीन गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के उप निरीक्षक अजय कुमार अपनी टीम के साथ गश्त व अपराध जांच के दौरान सुरेंद्र चौक तोशाम पर मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति खानक बाईपास तोशाम स्थित एक होटल के ऊपर बने कमरे में आईपीएल मैच पर मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा लगवा रहे हैं।सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर रेड की और तीन आरोपियों को क्रिकेट मजा-11 एप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार किया।

---

सांसद ने पेयजल लाइन को मुख्य चौक से जोड़कर सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश और आमजन से पानी की बचत करने व बर्बादी रोकने का किया आह्वान

# दादरी गेट व ढाणा रोड सहित कई क्षेत्रों में पानी की किल्लत

## पांच माह से बूंद-बूंद को तरस रहे क्षेत्रवासी, भाजपा नेता कालिया ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दादरी गेट, ढ़ाणा रोड, कोंट रोड, पीपलीवाली जोहड़ी, हनुमान गेट, बावड़ी गेट, हनुमान ढ़ाणी, हालुवास गेट, जैन चौक, रामगंज महोल्ला क्षेत्र में पिछले पांच माह से पीने के पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। भीषण गर्मी के मौसम में क्षेत्रवासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। बार-बार प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई तो क्षेत्रवासियों ने भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भगवान दास कालिया के नेतृत्व में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह को ज्ञापन सौंपकर जल्द समस्या से निजात दिलवाने की गुहार लगाई है। इस पर सांसद धर्मबीर सिंह ने विभाग के अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से पेयजल लाइन को मुख्य चौक से जोड़कर पानी की सप्लाई सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। वहीं सांसद ने आमजन से आह्वान किया कि वे पानी की बचत करें और बर्बादी रोकें। सांसद को ज्ञापन सौंपते हुए भगवानदास कालिया ने कहा कि क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। शिकायत पत्र में निवासियों ने आरोप लगाया कि कॉलोनी में एक दिन छोड़कर पानी आता है और मात्र 10 मिनट चलकर बंद हो जाता है। इतने कम समय में दैनिक उपयोग के लिए पानी भरना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव हालुवास में आठ घंटे पानी की सप्लाई की जाती है, जो भिवानी के विभिन्न क्षेत्रों के हिस्से का पानी है, ऐसे में गांव हालुवास में पानी की सप्लाई का समय निर्धारित किया जाए, ताकि भिवानी के विभिन्न क्षेत्रों को पानी समुचित मात्रा में मिल सकें। इस संबंध में जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को बार-बार लिखित में शिकायतें दी हैं, इतना ही नहीं कॉलोनी के मौजिज लोग कई बार विभाग के एक्सईएन और एसडीओ के दफ्तर पहुंचे और उन्हें जमीनी हकीकत भी दिखाई, लेकिन अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। भाजपा मजदूर प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक भगवान दास कालिया ने कहा कि दादरी गेट व ढाणा रोड के नागरिक पिछले पांच महीनों से नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी के दौर में पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए लोगों को परेशान करना सरकारी अधिकारियों की घोर लापरवाही को दर्शाता है। कालिया ने बताया कि पानी की किल्लत से सबसे ज्यादा परेशान इलाके की महिलाएं हैं, जिन्हें दूर-दराज से पानी ढोने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जनता प्यासी है और अधिकारी एसी गाड़ियों व दफ्तरों से बाहर निकलने को तैयार नहीं हैं। इस अवसर पर नीलम, बिमला, संतरा, रामो देवी, बिदा, सावित्री, गुड्डी, अंगूरी, आशा, सुरिंदर, राज, सावित्री व बबली आदि मौजूद रही।



**भिवानी।** सांसद धर्मबीर को ज्ञापन सौंपते भगवानदास कालिया व क्षेत्र की महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### पानी की बर्बादी से किल्लत पनपतीः सांसद

कालिया ने सांसद धर्मबीर सिंह को मामले से अवगत करवाया। सांसद धर्मबीर सिंह ने स्थानीय निवासियों और भाजपा नेता कालिया को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का तुरंत समाधान करवाया जाएगा। सांसद धर्मबीर सिंह ने तुरंत अधिकारियों को पेयजल पाइप लाइन को मुख्य चौक से जोड़कर पानी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। इसके साथ ही सांसद धर्मबीर सिंह ने आमजन से आह्वान किया कि वे पानी की बचत करें, अधिकत्तर लोग फिजूल में पानी व्यर्थ करते है, जिसके चलते पानी की किल्लत पनपती है, ऐसे में नागरिकों को अपना कर्तव्य समझना होगा तथा पानी की बचत करनी होगी, तभी समस्या से निजात मिल सकेगी।

---



**बवानीखेड़ा।** असैसमेंट देती हुई छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# पीएमश्री स्कूल में 'सहेली की उड़ान' कार्यक्रम संपन्न

- अधिकारी व फाउंडेशन लीड कर्मचारी ने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी की सराहना की

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा खंड के विद्यालयों में किशोरियों के शैक्षणिक स्तर और उनकी बुनियादी क्षमताओं का आकलन करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'सहेली की उड़ान' कार्यक्रम के तहत बेसलाइन सर्वे एवं असेसमेंट प्रक्रिया शुरू की गई है जिसमें बवानीखेड़ा कलस्टर के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में असैसमेंट सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई। यह असेसमेंट कक्षा 6वीं से 9वीं तक की छात्राओं के लिए आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्य को निष्ठा से करवाने पर अधिकारियों व फाउंडेशन लीड कर्मचारी द्वारा एबीआरसी के कार्य की सराहना की।

### टैब पर आयोजित हुई असेसमेंट

स्वतालीम फाउंडेशन लीड कर्मचारी रमन देवी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं की सीखने की क्षमता, आत्मविश्वास, भाषा एवं गणितीय समझ के स्तर को जानना रहा, ताकि भविष्य में उन्हें बेहतर शैक्षणिक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके। विद्यालयों में निर्धारित समयानुसार टैब और लिखित माध्यम से छात्राओं की परीक्षा ली गई। इस कार्य में डीपीसी शिव कुमार तवंर, एपीसी विवेक अदलखा, सहित खंड शिक्षा अधिकारियों, सीआरसी, एबीआरसी का सहयोग मिला।

---

# वन भूमि पर अतिक्रमण करके प्रॉपर्टी डीलर कूट रहे है चांदी : करौंथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक भूमि से अवैध कब्जे हटवाने के ब्यान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वन कर्मचारी संघ हरियाणा राज्य मुख्य सलाहकार जोगेन्द्र करौंथा, पूर्व प्रधान जीवन सिंह, कमल सिंह यादव ने कहा कि वन भूमि से अवैध कब्जे हट नहीं रहे पंचायती भूमि से जो सरकार के नियंत्रण में है, उससे कब्जे हटवाना आसान नहीं है। विभाग के पास वन भूमि के नक्शे, लेण्ड प्लान व राजस्व रिकार्ड उपलब्ध नहीं है। प्रैस विज्ञप्ति में वन कर्मचारी संघ हरियाणा राज्य मुख्य सलाहकार जोगेन्द्र करौंथा, जीवन सिंह, कमल सिंह यादव ने बताया है कि प्रदेश के सभी शहरों, कस्बों से गुजरने वाले मार्गों पर ही नहीं अप्रोच मार्गों पर भी वन भूमि पर धड़ल्ले से प्रोपर्टी डीलर अवैध कालोनियों काट कर सरकार को वित्तीय हानि पहुंचा रहे हैं। प्रावधानों के अनुसार भूमि का प्राकृतिक स्वरूप नहीं बदल सकते। यानी कि वन क्षेत्र में मिट्टी डालकर समतल करने, पक्का रास्ता बनाने, होल्डिंग व बोर्ड लगाने, पत्थरों व वृक्षों पर सफेदी यदि करना भी प्रतिबंधित है।

### वृक्षों को नष्ट करने का लगाया आरोप

करौंथा ने बताया कि भू- माफिया पहले मिट्टी डालकर भूमि को समतल करते हैं उसके बाद छोटे लगाए गए व प्राकृतिक रूप से उगे हुए पौधों को नष्ट करते हैं और अन्ततः बड़े वृक्षों को कैमिकल डालकर सूखाने व बाद में आग लगाकर वन भूमि, वृक्षों व पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे है। वन एवं टाऊन एंड कन्ट्री प्लानिंग विभाग या तो मौन रहते हैं या खानापूर्ति के लिए थोड़ा बहुत दण्ड लगाकर अपने कर्तव्यों को पूर्ण मान लेते हैं। जोगेन्द्र करौंथा ने बताया कि साधारण व्यक्ति या भूमिहीन व्यक्ति यह कार्य नहीं करते बल्कि यह संगठित गिरोह बनाकर अपराध करते हैं जिसमें सता दल के राजनैतिज्ञो व बड़े प्रशासनिक अधिकारियों का हाथ होता है। छोटे कर्मचारी जब मामला अधिकारियों के संज्ञान में लाते हैं तो उन्हें चुप कर दिया जाता है। संघ के नेताओ ने मुख्यमंत्री से वन भूमि व वन बचाने के लिए वन अपराधों पर अंकुश लगाने, सभी अवैध कब्जे छुड़वाने की अपील की।

---

# विद्यार्थियों के हुनर को संवारने, शैक्षणिक योग्यता एवं ज्ञान क्षमता को बढ़ाने का मिलेगा मौकाः धर्माणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को रोजगारपरक, संस्कारी व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। ये विचार चौधरी बंसीलाल विद्यालय की कुलगुरू प्रो. दीप्ति धर्माणी ने आज विश्वविद्यालय के 2026-27 दाखिला विवरणिका (प्रोस्पेक्टस) को जारी करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो दिनेश कुमार मदान, डीन एफसीएम प्रो सुनीता भरतवाल, डॉ राहुल त्रिपाठी आदि भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को रोजगार उन्मुख व उच्च शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए विश्वविद्यालय हर तरह के प्रयास कर रहा है। पूरे प्रदेश से विद्यार्थी यहां उच्च शिक्षा के लिए आ सकेंगे। चरखी-दादरी एवं भिवानी जिले के विद्यार्थियों को देश प्रदेश के अन्य जिलों में इन सभी कोर्सेज में दाखिलों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और उनके गृह क्षेत्र के विश्वविद्यालय में ही उच्च शिक्षा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में यूजी पीजी एवं डिप्लोमा सहित कुल 81 कोर्सेज संचालित किए जा रहे हैं, जिनमे 12 पीएचडी कार्यक्रम, उनतीस 29 स्नातकोत्तर (पीजी) कार्यक्रम, 02 एकीकृत कार्यक्रम, (14) स्नातक (यूजी) कार्यक्रम, तेईस (23) डिप्लोमा, स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम और एक (1) प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम शामिल हैं। विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती कॉलेज में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विभिन्न यूजी, पीजी कोर्सेज, 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्सेज और डिप्लोमा कोर्सेज में दाखिले के लिए विद्यार्थी 21 मई से 11 जून तक तथा यूजी के लिए तथा 08 जून से 29 जून तक पीजी एवं डिप्लोमा कोर्सेज के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।



**भिवानी।** दाखिला विवरिणिका जारी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

# जेल लोक अदालत में दो केसों का किया निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- सीजेएम पवन कुमार ने जेल मे स्थित मुलाकाती कक्ष का किया निरीक्षण

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सीजेएम पवन कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कारागार में लोक अदालत का आयोजन किया। इस जेल लोक अदालत में दो केसों का मौके पर ही निपटारा किया गया। इस दौरान सीजेएम पवन कुमार ने जेल मे स्थित मुलाकाती कक्ष का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि जेल में लोक अदालत को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य कैदियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देना है। प्राधिकरण द्वारा जेल के अंदर लोक अदालत एवं कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाता है ताकि कैदियों को विभिन्न प्रकार के कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि जेल लोक अदालत में केसों का मौके पर ही निपटारा किया जाता है। लोक अदालत उपरांत सीजेएम पवन कुमार ने जिला कारागार का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान बंदियों के केसों में आ रही समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधी अधिकारी को जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर प्राधिकरण स्टाफ व जेल स्टॉफ मौजूद रहे।

---

# विधायक गौतम पर लगाए ब्राह्मण समाज को गुमराह करने के आरोप

- चौटाला ने तो ब्राह्मण समाज को दिया राजनीति में पूरा प्रतिनिधित्व : डा. वासुदेव शर्मा
- बिना विधायक बने भी ब्राह्मण समाज के नेताओं को नवाजा कैबिनेट रैंक से : अशोक ढ़ाणीमाहु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सफीदों से भाजपा विधायक रामकुमार गौतम द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ. ओमप्रकाश चौटाला पर लगाए गए आरोपों के बाद हरियाणा में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा विधायक ने आरोप लगाया था कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ. ओमप्रकाश चौटाला ने अपने शासनकाल में ब्राह्मण समाज को कोई महत्व नहीं दिया था। इन आरोपों पर कड़ा ऐतराज जताते हुए इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने जोरदार पलटवार किया है। बुधवार को बड़ चौक स्थित इनेलो पार्लियामेंट्री बोर्ड के चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री डॉ. वासुदेव शर्मा के निवास स्थान पर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस पत्रकार वार्ता को डॉ. वासुदेव शर्मा और इनेलो के जिला अध्यक्ष अशोक ढाणीमाहु ने संयुक्त रूप से भाजपा विधायक रामकुमार गौतम को आड़े हाथों लिया और उनके बयानों को पूरी तरह से बेबुनियाद और निंदनीय करार दिया। पूर्व मंत्री डा. वासुदेव शर्मा व जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु ने कहा कि रामकुमार गौतम का यह कहना कि ओमप्रकाश चौटाला ब्राह्मण विरोधी थे, सरासर झूठ और इतिहास को झुठलाने जैसा है। डा. शर्मा ने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि इनेलो शासनकाल के दौरान उन्हें न केवल विधानसभा का डिप्टी स्पीकर बनाया गया।



**भिवानी।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

---

# भाजपा ने 16 मंडल पालकों की नियुक्तियों की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भिवानी जिले में अपने संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत और गतिशील बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। भाजपा के भिवानी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने बुधवार को जिले के सभी प्रमुख मंडलों के लिए मंडल पालकों की नई नियुक्तियों की आधिकारिक घोषणा की है। जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने बताया कि ये सभी नियुक्तियां भारतीय जनता पार्टी की भिवानी जिला प्रभारी रेणु डाबला के साथ गहन विचार-विमर्श और आपसी सहमति के बाद तय की गई हैं। उन्होंने कहा कि संगठन में ऊर्जा फूंकने और जमीनी स्तर पर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इन जिम्मेदारियों को सौंपा गया है। सभी नियुक्तियाँ तुरंत प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। नियुक्तियों की घोषणा करते हुए जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने अपने बयान में कहा कि संगठन की मजबूती ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। नए मंडल पालकों की नियुक्ति से जिला भिवानी के सभी क्षेत्रों में संगठनात्मक कार्यों को नई गति मिलेगी। भिवानी जिले के सभी 16 मंडलों में नियुक्त किए गए पालकों में केशव मंडल का पालक नंदराम धानिया को, खरक मंडल का शंकर धूपड़ को, लोहारू मंडल का मुकेश गौड़ को, ढिगावा मंडल का विजय शेखावत को, माधव मंडल का संदीप श्योराण को, बापोड़ा मंडल का ठा. विक्रम सिंह को, तिगड़ाना मंडल का मीना परमार को, बहल मंडल का कमलेश भोड़ुका को, कैरू मंडल का रवि महमिया को, तोशाम मंडल का डीएम मनोहर सिंह को, सिवानी मंडल का वरुण श्योराण को नियुक्त किया गया।

---

# समाज सेवा के प्रति समर्पित रहें युवाः शुकदेव मुनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पं. सीता राम शास्त्री बीएड ट्रेनिंग महाविद्यालय भिवानी में आयोजित सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का समापन समारोह बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत हरियाणा शेखावाटी ब्रह्मचर्य आश्रम समिति, भिवानी के प्रशासक शुकदेव मुनि तथा मुख्य अतिथि प्रोफेसर संजीव कुमार सीबल्यू भिवानी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विकास शर्मा व कार्यक्रम अधिकारी डॉ मधु द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने नृत्य, कविता पाठ एवं भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रशासक ने विद्यार्थियों को अपने आशीर्वचन प्रदान करते हुए समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रोफेसर संजीव कुमार ने स्वयंसेवकों को अनुशासन, नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व के बारे में प्रेरणादायक संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग एवं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

### जून के पहले सप्ताह से शुरू होगी आईटीआई में दाखिले की प्रक्रिया

**तोशाम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) में सत्र 2026-27 के लिए दाखिला प्रक्रिया जल्द शुरू होने जा रही है। इंजीनियरिंग व गैर-इंजीनियरिंग ट्रेड्स में प्रवेश ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से होगा। संस्थान की प्रधानाचार्या मोनिका ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन प्रक्रिया जून 2026 के प्रथम सप्ताह में शुरू होगी। छात्र हरियाणा आईटीआई एडमिशन पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। दाखिले से संबंधित विवरण पत्रिका, संस्थानों की सूची, ट्रेड्स व सीट मैट्रिक्स और अन्य जरूरी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, स्थायी निवासी प्रमाण अपलोड करने होंगे। इसके साथ व्यक्तिगत ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, परिवार पहचान पत्र और आधार नंबर अनिवार्य रहेगा।

---

**ज्ञापन** छात्र विरोधी नियमों से बर्बाद हो रहा विद्यार्थियों का भविष्यः मंजीत

प्रतिनिधिमंडल ने परीक्षा नियंत्रक अधिकारी से मुलाकात कर बताई समस्याएं

# सीबीएलयू में संयुक्त उत्तीर्ण नियम पुनः लागू करने की मांग, एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में परीक्षा परिणामों को लेकर उपजे विवाद के बीच एनएसयूआई ने विद्यार्थियों के हक में आवाज बुलंद कर दी है। विवि द्वारा पासिंग क्राइटेरिया (उत्तीर्ण नियमों) में किए बदलावों के विरोध में एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल ने परीक्षा नियंत्रक अधिकारी से मुलाकात की और विद्यार्थियों की गंभीर समस्याओं को लेकर मांगपत्र सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र विरोधी रवैया नहीं बदला तो छात्र सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक तरीके से बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। एनएसयूआई ने मांग पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय में पूर्व में लागू संयुक्त उत्तीर्ण व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से पुनः लागू करने की मांग उठाई है। एनएसयूआई ने मांग की कि सैद्धान्तिक परीक्षा, आंतरिक मूल्यांकन दोनों के अंकों को अलग-अलग देखने के बजाय संयुक्त रूप से जोड़कर कुल 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को उत्तीर्ण (पास) घोषित किया जाए। मनजीत ने बताया कि वर्तमान में लागू तकनीकी और कड़े नियमों के कारण विवि के हजारों छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है।



**भिवानी।** परीक्षा नियंत्रक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते एनएसयूआई के सदस्य।

### ज्ञापन में लगाया आरोप

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मंजीत लांगायन ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को विद्यार्थियों की जमीनी, मानसिक और शैक्षणिक परिस्थितियों को समझना होगा, आज अव्यावहारिक नियम के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी भारी तनाव और असुरक्षा में जी रहे हैं। एनएसयूआई ने चेताया कि विवि के परीक्षा नियंत्रक और उच्च प्रशासन ने जायज मांग पर शीघ्र सकारात्मक और ठोस निर्णय नहीं लिया, तो संगठन विद्यार्थियों को साथ लेकर आगामी दिनों में बड़े स्तर पर लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। मांगपत्र सौंपने के दौरान दिनेश, अमित, लोकेश, रेनू, रौनक, निशु, कामिनी, पूजा व अंकिता आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### स्व. कृष्णा देवी की पुण्यतिथि पर किया पौधरोपण

**बवानीखेड़ा।** पूर्व नपा पार्षद पंकज महत्ता ने अपनी माता एवं पूर्व नगर पालिका पार्षद रही स्वर्गीय कृष्णा देवी की सातवीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया तथा जरूरतमंद एवं गरीब लोगों में अन्न का वितरण किया। कार्यक्रम में परिजनों, मित्रों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने स्व. कृष्णा देवी को याद करते हुए उनके समाजसेवा के कार्यों का स्मरण किया। पंकज महत्ता ने कहा कि उनकी माता हमेशा समाज सेवा और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए प्रेरित करती थीं। उन्हीं की प्रेरणा से हर वर्ष पुण्यतिथि पर सामाजिक कार्य किए जाते हैं।

### बीडीपीओ कार्यालय की दो दिन से लाइट खराब

**बाढ़ड़ा।** क्षेत्र के बीडीपीओ कार्यालय में पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण कार्यालय का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बिजली लाइन में आए फाल्ट के चलते पूरे कार्यालय में अंधेरा पसरा हुआ है, जिससे कर्मचारियों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं होने से कार्यालय में कंप्यूटर आधारित सभी कार्य बंद पड़े हैं। जरूरी फाइलों व दस्तावेजों के निपटान में देरी हो रही है, जबकि विभिन्न कार्यों के लिए आने वाले ग्रामीणों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

### रेलवे जवान ने रक्तदान कर बचाई जरूरतमंद की जान

**भिवानी।** हरियाणा राजकीय रेलवे पुलिस के एक जवान ने ड्यूटी के साथ-साथ सामाजिक सरोकार का अनूठा उदाहरण पेश किया है। रेलवे पुलिस में तैनात जवान अशोक ने जरूरतमंद मरीज के लिए रक्त की आवश्यकता की सूचना मिलते ही बिना किसी देरी के भिवानी के ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। पुलिस जवान के त्वरित और सराहनीय कदम की शहर के प्रबुद्ध नागरिकों और सामाजिक संस्थाओं ने जमकर सराहना की है। जानकारी के अनुसार भिवानी के निजी अस्पताल में दाखिल मरीज को आकस्मिक रूप से रेयर रक्त बी नेगटिव की अत्यंत आवश्यकता थी।


## सामान्य अस्पताल में ओपीडी शुरू करवाने को लेकर सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

# अल्ट्रासाउंड मशीनें बढ़ाने और अनुभवी चिकित्सकों की भर्ती की उठाई मांग

मेडिकल कॉलेज में जांच करने के बाद हर टेस्ट के लिए सामान्य अस्पताल जाना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल प्रधान के नेतृत्व में बुधवार को संगठन पदाधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी भिवानी को ज्ञापन सौंपकर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि सामान्य अस्पताल में ओपीडी नहीं हो पा रही है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज में जांच करने के बाद हर टेस्ट के लिए सामान्य अस्पताल जाना पड़ रहा है। जिससे मरीजों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। सीएमओ को सौंपे ज्ञापन में कमल प्रधान ने बताया कि बढ़ती गर्मी एवं मौसमी बीमारियों के चलते मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन भिवानी के चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल में नियमित ओपीडी सेवाएं सुचारु रूप से उपलब्ध नहीं होने के कारण आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के अन्य मेडिकल कॉलेजों से जुड़े सामान्य अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं नियमित रूप से चल रही हैं, जबकि भिवानी में ऐसी व्यवस्था न होना दुर्भाग्यपूर्ण है।



भिवानी। मांगों को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### चिकित्सकों की कमी से स्वास्थ्य सेवाएं हो रहीं बाधित

संगठन ने पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ एवं अनुभवी चिकित्सकों की कमी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। कमल प्रधान ने कहा कि डॉक्टरों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण मरीजों को उचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। इसलिए विभिन्न विभागों में अनुभवी डॉक्टरों की जल्द भर्ती की जाए, ताकि भिवानी सहित आसपास के जिलों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

### अतिरिक्त शुल्क वसूलने का लगाया आरोप

ज्ञापन में यह मुद्दा भी उठाया गया कि अस्पताल में लगी एमआरआई मशीन किसी निजी संस्था के अधीन होने के कारण मरीजों से अत्यधिक शुल्क वसूला जा रहा है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। संगठन ने सरकार से मांग की कि एमआरआई जांच शुल्क को कम करवाया जाए ताकि आमजन को राहत मिल सके। इसके अलावा चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीनों की संख्या बढ़ाने की मांग करते हुए कहा गया कि वर्तमान व्यवस्था पर्याप्त नहीं है, जिसके कारण विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समय पर जांच न होने के कारण मरीजों को लंबे इंतजार से गुजरना पड़ता है। इसलिए जनहित में अतिरिक्त अल्ट्रासाउंड मशीनें उपलब्ध करवाई जाएं। युवा कल्याण संगठन ने आशा व्यक्त की कि हरियाणा सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द सकारात्मक कदम उठाएंगे।

उन्होंने कहा कि बुजुर्गों, महिलाओं एवं दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है और मजबूरन निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। युवा कल्याण संगठन ने मांग की कि आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भिवानी चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल में शीघ्र प्रभाव से नियमित ओपीडी सेवाएं पुनः शुरू की जाएं। इस मौके पर बलबीर सरोवर सुमित बराड़, देशमुख दादरवाल, रणविजय ग्रेवाल, सूबेदार सुरेंद्र सिंह, सुभाष यादव, मोनू प्रजापत, योगेश एडवोकेट, मुकेश शर्मा ढाणी माहू, जयवीर स्वामी, अनिल सांगवान, प्रदीप कालीरामन, विकास परनपरा, सोमवीर सिंह शेषमा, राजकुमार सांगा, अमित शेषमा, अमित शर्मा, प्रदीप श्योराण, अरुण बुडानिया, एडवोकेट जिम शर्मा, एडवोकेट सनी, अनिकेत एडवोकेट आदि अनेक युवा कल्याण संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।



भिवानी। नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में ज्ञापन सौंपते हुए।

# नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहल

नीट.यूजी 2026 परीक्षा में हुई अनियमितताओं और पेपर लीक के मामले को लेकर इनसो बहल इकाई ने कड़ा रोष जताया है। इनसो कार्यकर्ताओं ने परीक्षा फिर से आयोजित किए जाने और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सजा दिए जाने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने मामले को लेकर जिला उपायुक्त के नाम तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को इनसो कार्यकर्ता प्रधान हिम्मत जावला के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हिम्मत जावला ने कहा कि नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण देशभर के लाखों मेहनती छात्रों का भविष्य संकट में पड़ गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि छात्र वर्षों तक कड़ी मेहनत करते हैं लेकिन पेपर लीक जैसी घटनाओं से उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। उन्होंने मांग की कि पेपर लीक मामले में शामिल सभी दोषियों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और पूरे मामले की सीबीआई से निष्पक्ष जांच निष्पक्ष करवाई जाए। कार्यकर्ताओं ने नीट की परीक्षा दोबारा और पारदर्शी तरीके से आयोजित किए जाने की मांग करते हुए कहा कि दोबारा परीक्षा आयोजित करने के दौरान छात्रों से किसी भी प्रकार की अतिरिक्त फीस न ली जाए ताकि उन्हें किसी भी तरह की मानसिक या आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। कार्यकर्ताओं ने मांग को लेकर जिला उपायुक्त के नाम तहसील कार्यालय में ज्ञापन दिया। इस अवसर पर अनुज बाल्मीकि, सुमित जावला, अभिषेक बाल्मीकि, अजित शर्मा, रवि शर्मा, नवीन सैनी, गोवर्धन सैनी, मयंक सांखला, प्रदीप जावला, दिनेश बाल्मिकी आदि रहे।

# खानक में माइनिंग यूनिट, स्टोन क्रशर व पायरोलिसिस प्लांट की जांच : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

एसडीएम संदीप कुमार की अध्यक्षता में खानक स्थित माइनिंग यूनिट एचएसआई आईडीसी, स्टोन करेसर, टायर पायरोलिसिस प्लांट और हॉट मिक्स प्लांट की संयुक्त जांच बुधवार को की गई। बता दें कि ग्राम पंचायत खानक द्वारा पर्यावरण प्रदूषण व नियम उल्लंघन की शिकायत पर उपायुक्त के आदेश व मानवाधिकार आयोग की सुनवाई के बाद यह जांच तय की गई है। वहीं जिला स्तरीय माइनिंग की बैठक मानवाधिकार आयोग में सुनवाई और डीसी की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। जिसमे जांच टीम में एसडीएम, बीडीपीओ, क्षेत्रीय अधिकारी व एआईआई, वरिष्ठ प्रबंधक, एचएसआई आईडीसी,जिला वन अधिकारी, जिला खनन अधिकारी, एसएचओ, सरपंच ग्राम खानक के प्रतिनिधियो को शामिल किया गया था।

एसडीएम ने बताया कि जांच में मुख्यरूप से बिंदुवार टायर पायरोलिसिस प्लांट बंद करने के आदेशों की पालना व कोई अवैध यूनिट न चल रही हो,माइनिंग गतिविधि अनुमति व पर्यावरण नियमों के तहत ही काम हो, ब्लास्टिंग दोपहर 1:00 से 3:00 बजे के बीच हो। वहीं प्रदूषण नियंत्रण,ड्रिलिंग-ब्लास्टिंग में धूल नियंत्रण, नियमित पानी का छिड़काव, खनिज ले जाने वाले वाहनों के सही सर्टिफिकेट, ओवरलोडिंग पर रोक की जांच बारीकी से की गई। जहां दो ओवरलोडिंग ट्रको का 66000 रूपये का चालान भी किया। ग्रामीणों द्वारा बताई गई ब्लास्टिंग से कंपन, ध्वनि प्रदूषण, दिन-रात होने वाली परेशानी का जायजा लिया और स्टोन क्रशर जोन में पानी छिड़काव सिस्टम व शेड अनिवार्य रूप से लगे हों की भी जांची गई। उन्होंने कहा कि खानक से हिसार रोड पर खानक क्षेत्र में उचित छिड़काव नियमित होना चाहिए। ग्रामीणों के स्वास्थ्य व पर्यावरण से कोई समझौता नहीं होगा। नियम तोड़ने वाली यूनिट पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# खानक स्कूल के मेधावियों के सम्मान में समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी कक्षा दसवीं तथा 12वीं के परीक्षा परिणाम में गांव खानक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतरीन एवं शानदार प्रदर्शन करने पर बुधवार को विद्यालय परिसर में मेधावी विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। तत्पश्चात ढोल-नगाड़ों के साथ मेधावी विद्यार्थियों का गांव में विजय जुलूस भी निकाला गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि तोशाम के खंड शिक्षा अधिकारी विजय सांगवान ने शिरकत की। वहीं पर ग्राम पंचायत खानक की सरपंच सुनीता देवी ने कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर अतिथियों का विद्यालय प्राचार्य



तोशाम। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए।

सहित स्टाफ सदस्यों द्वारा फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर बतौर अतिथि पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी विजय सांगवान ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन एवं कड़ी मेहनत सफलता की कुंजी है, कड़ी मेहनत के बलबूते ही विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया है जोकि काबिले तारीफ है। सांगवान का कहना था कि इस उपलब्धि में विद्यार्थियों सहित अभिभावकगण तथा विद्यालय के स्टाफ सदस्यों का भी भरपूर सहयोग रहा है।

### ये मेधावी हुए सम्मानित

गांव खानक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 12वीं के 73 विद्यार्थियों में से 17 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट प्राप्त की जिन्हें विद्यालय प्रशासन द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी विजय सांगवान के कर कमलो से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय के समस्त विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इसी कड़ी में कक्षा दसवीं के 7 विद्यार्थी जिन्होंने मेरिट में स्थान प्राप्त किया जिसमें कक्षा दसवीं की छात्रा मुस्कान ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे और उसका चयन सुपर-100 में भी हुआ। समारोह के दौरान उन्हें भी सम्मानित किया गया। ज्ञात होकी कक्षा 12वीं के परिणाम में विद्यालय की छात्रा अंजलि सुपुत्री सुरेश कुमार ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 95 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान का गौरव प्राप्त किया।



भिवानी। मांगों को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित लोग।

## ऐलानः 13 को मजदूर महापंचायत सरकार की निकालेगी शवयात्रा

**भिवानी।** निर्माण मजदूरों ने किया आंदोलन का ऐलान, 13 जून को नेहरू पार्क भिवानी में करेंगे मजदूर महापंचायत व गांव स्तर पर मुख्यमंत्री व श्रम मंत्री का पुतला दहन। यह निर्णय सीटू कार्यालय भिवानी में भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा, भिवानी ब्लॉक बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान महावीर चांग ने की व संचालन ब्लॉक सचिव धर्मबीर बामला ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन जिला सचिव कॉमरेड अनिल कुमार ने कहा कि दलित हितैषी का दंभ भरने वाली भाजपा सरकार का चेहरा बेनकाब हो चुका है। मजदूर व दलित विरोधी भाजपा सरकार ने पिछले 11 माह से निर्माण मजदूरों का पोर्टल बंद किया हुआ है। भ्रष्टाचार की आड़ लेकर भाजपा सरकार ने प्रदेश के 6 लाख मजदूरों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। जिसके चलते आज लाखों निर्माण मजदूर बोर्ड में 7000 करोड़ रुपया जमा होने के बावजूद पंजीकरण व सभी सुविधाएं बंद कर दी गई है।



भिवानी। गांव खोरड़ा में विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

## जैव विविद्यता दिवस पर हुआ कार्यक्रम

भिवानी। गांव खोरड़ा स्कूल में अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के निर्देशानुसार मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वन मण्डल अधिकारी सतीश दुहन दादरी ने शिरकत की। इस अवसर पर पेटिंग, रंगोली, स्लोगन, क्विज कंपीटीशन ओर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाले समाजिक कार्यकर्ता और जैव विविधता समितियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ, आंगनवाड़ी वर्कर, गांव के सम्मानित व्यक्ति बच्चे ओर एनजीओ किसान सेवा समिति, वन विभाग ओर जिला समन्वयक बबीता श्योराण, दीपक आदि रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

# मेडिकल स्टोरों पर तालाबंदी कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बाढ़ड़ा

राज्य केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर उपमंडल मुख्यालय व ग्रामीण क्षेत्र के मेडिकल संचालकों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के तहत अपने मेडिकल स्टोरों पर तालाबंदी कर एसडीएम आशीष सांगवान के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा। उपमंडल मुख्यालय पर ड्रग केमिस्ट उपमंडल संयोजक सुनील शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित रोष प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ संचालक विद्यानंद भारद्वाज ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण आज दवा सुविधा बिक्री बड़ी समस्या बन गया है।

न्याय पालिका व स्वास्थ्य विभाग दवाओं के दुरुपयोग व नशे को रोकने के लिए सजगता बरतने व चिकित्सक द्वारा प्रमाणित दवाएं प्रयोग करने का आदेश जारी करती है, लेकिन दुर्भाग्य है कि देश में आनलाईन दवाओं की आपूर्ति एक गंभीर समस्या बन चुका है और इसकी आड़ में युवावर्ग नशे की गिरफ्त में फंसता जा रहा है। उन्होंने बताया कि आनलाइन के नाम पर झूठे दावे व कम कीमत में महंगी दवाएं उपलब्ध करवाने के नाम पर मरीजों को आर्थिक, शारीरिक तौर पर कमजोर पहुंचाया जा रहा है। फर्जी जांच पर्ची, बिना चिकित्सक परामर्श, घर घर दवाओं का वितरण व अत्यधिक छूट चिकित्सा विशेष कर मेडिकल क्षेत्र की सुरक्षा में बड़ा खतरा बन चुका है। इनके अलावा नरेंद्र आर्यनगर, डॉक्टर सुनील शर्मा, डॉक्टर अनिल, संदीप सिरसली, महेंद्र शर्मा गोपी, गौरव सिंगला, रामनिवास शर्मा रुदड़ौल, प्रदीप हंसावास, सुनील भांडवा, कुलदीप शर्मा काकडोली, सत्यवान, प्रदीप गुलिया, सुनील बाढ़ड़ा, डॉक्टर धर्मवीर काकड़ौली व कपिल जगरामबास आदि मौजूद रहे।



भिवानी। उपमंडल कार्यालय में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते राज्य केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### यह लगाया आरोप

बिना लाईसेंस महंगी दवाओं को कम गुणवता के बाद भी मनमानी दरों पर बिक्री होने से आमजन के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है। राज्य केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन बार बार केन्द्र व प्रदेश सरकार से इन हालातों पर काबू करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन सरकार इन पर किसी तरह के अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उपमंडल के ड्रग केमिस्टों ने अपनी दुकानों पर तालाबंदी कर मुख्य क्रांतिकारी चौक से होकर उपमंडल कार्यालय पहुंचकर एसडीएम आशीष सांगवान के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।



भिवानी। पंचकूला जाने से पहले शहर से जुलूस की शक्ल में रवाना होते हुए।

## जुलूस की शक्ल में भिवानी से पंचकुला पहुंचे माकपा कार्यकर्ता

**भिवानी।** हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा कॉलेज कैडर भर्ती में कथित धांधली को लेकर प्रदेश में सियासी और सामाजिक पारा गरमा गया है। भिवानी से मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता पंचकुला में कई दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे पीड़ित छात्रों को न्याय दिलाने और उनके आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे। बुधवार को विभिन्न एससी, पिछड़ा वर्ग संगठनों और विपक्षी राजनीतिक दलों ने एकजुट होकर एचपीएससी चेयरमैन आलोक वर्मा हटाओ और हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन बचाओ के नारों के साथ कमीशन के दफ्तर का घेराव करने का एलान कर रखा था। इस दौरान पंचकुला में माहौल उस समय तनावपूर्ण हो गया जब प्रदर्शनकारियों और भारी पुलिस बल के बीच तीखी झड़प हुई। पंचकुला में एचपीएससी दफ्तर का घेराव करने आगे बढ़ रहे आंदोलनकारियों को रोकने के लिए प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात कर रखा था। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए बल प्रयोग किया, जिससे करीब एक घंटे तक वहां अफरा-तफरी और मार-पिटाई का माहौल बना रहा।

## ईआईसी बोलेः बहाली की फाइल अप्रूवल,इंजीनियरों ने मांगे बहाली के आर्डर

# जेई बहाली का मामला स्टेट एसो. पहुंचा तो सिस्टम होगा बेहाल

दो दिनों से अधीक्षण अभियंता व चीफ इंजीनियर कनिष्ठ अभियंताओं की बहाली के आर्डर कुछ मिनटों में डालने का भरोसा दिला रहे



भिवानी। साथियों की बहाली की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

इंजीनियरों की बहाली मामला सुलझने की बजाए लगातार उलझता जा रहा है। दो दिनों से अधीक्षण अभियंता व चीफ इंजीनियर कनिष्ठ अभियंताओं की बहाली के आर्डर कुछ मिनटों में डालने का भरोसा दिला रहे है। आज इसी क्रम में विभाग के मुखिया(ईआईसी) भी इसी तरह की भाषा बोल रहे है। इंजीनियर इन चीफ ने प्रदर्शनकारी इंजीनियरों के बहाली के आर्डर अप्रूवल करने तक की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है,लेकिन आगे कार्रवाई न जाने किस वजह से नहीं बढ़ रही। हालांकि बुधवार को इंजीनियर इन चीफ ने इंजीनियरों को भरोसा दिलाकर धरने से उठाने का प्रयास किया,लेकिन प्रदर्शनकारी इंजीनियर लिखित आर्डर पहुंचने के बाद ही धरना खतम करने का ऐलान कर दिया। यहां तक प्रदर्शनकारी इंजीनियरों ने चेतावनी दी कि है कि अगर उनके साथी इंजीनियर जल्द बहाल नहीं किए गए तो वे उक्त मामले को स्टेट एसोसिएशन में लेकर जाएंगे। अगर उसके बाद भी उनकी बातें नहीं मान गई तो वे जल्द ही शहर की सीवर व पानी की सप्लाई को ठप्प करने पर मजबूर होंगे। गुरुवार को भी इंजीनियरों का अधीक्षक अभियंता के कार्यालय के बाहर धरना जारी रहेगा।

### ईआईसी ने आर्डर की फाइल अप्रूवल का दिया भरोसा

कर्मचारियों के उग्र रूप को देखते हुए अधीक्षक अभियंता ने मामले की जानकारी इंजीनियर इन चीफ को सारी जानकारी दी। उसके बाद ईआईसी ने एसई के माध्यम से प्रदर्शनकारी इंजीनियरों को उनके साथियों की बहाली की फाइल अप्रूवल करने का भरोसा दिलाया। उनका तर्क था कि जल्द ही बहाली के आर्डर जारी कर दिए जाएंगे। फिलहाल इंजीनियर धरना खतम करें,लेकिन इंजीनियरों ने आर्डर की लिखित आने तक धरना जारी रखने का ऐलान कर दिया।

**अधीक्षण अभियंता बोलेः** बहाल करने के लिए मेरी इंजीनियर चीफ से बात हुई करीब 12 बजे के आसपास सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता ओपी बिश्नोई धरनास्थल पर पहुंचे और बताया कि चीफ इंजीनियर से बातचीत हुई है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि जल्दी ही उनके बहाली के आर्डर जारी कर दिए जाएंगे, लेकिन आदेश आए उससे पहले धरना खत्तम करके इंजीनियर अपनी अपनी साइटों को संभाले। इस पर प्रदर्शनकारी कनिष्ठ अभियंताओं ने धरना खत्तम करने से इंकार कर दिया। उन्होंने एक सुर में कहा कि जब तक धरनास्थल पर निलंबित जेई की बहाली के आदेश नहीं आते। तब तक उनका धरना जारी रहेगा। उसके बाद फिर से इंजीनियरों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करनी आरंभ कर दी।

### क्या है मामला

*विगत अधीक्षण अभियंता को एक निर्माण कार्य में मामूली सी अनियमितता मिली । उसको उसी वक्त ठेकेदार ने दुरुस्त करना आरंभ कर दिया था,लेकिन उसके बावजूद भी दो कनिष्ठ अभियंताओं को सस्पेंड कर दिया। इस कड़ी में डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन 14 मई को अधीक्षण अभियंता श्री बिश्नोई से मिली और दोनों जे ई के साथ हुए अन्याय के बारे में अवगत करवाया । कार्रवाई को वापस लेने के लिए सोमवार 18 मई तक का समय दिया था। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक दोनों अभियंताओं को बहाल नहीं किया जाता, आंदोलन जारी रहेगा।*